

# ओलावृष्टि से ग्रामीण अंचल में भारी तबाही

## सांसद प्रतिनिधियों ने गांव-गांव पहुंचकर लिया जायजा, मुआवजे की मांग

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 25 फरवरी।** हाल ही में हुई बेमौसम बारिश और भीषण ओलावृष्टि ने शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में किसानों की कमर तोड़ दी है। अचानक बदले मौसम ने खेतों में खड़ी और कटाई के लिए तैयार फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देश पर सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता एवं हरिओम राठौर ने प्रभावित गांवों में पहुंचकर मौके पर हालात का जायजा लिया और किसानों को ढांढस बंधाया।

### 70-80 प्रतिशत फसल नष्ट

सांसद प्रतिनिधियों ने टोंगरा, लोहादेवी, मानपुर, तानपुर, पिपरसमा, लालगढ़, रायश्री एवं सटेरिया में खेतों का निरीक्षण किया। इस दौरान किसानों ने बताया कि गेहूं, चना, सरसों सहित अन्य फसलें बड़े पैमाने पर नष्ट हो गई हैं। निरीक्षण के दौरान राकेश गुप्ता ने कहा कि कई गांवों में 70 से 80 प्रतिशत तक फसल क्षति हुई है। ओले गिरने से वे फसलें भी बर्बाद हो गईं, जो पूरी तरह पककर कटाई के लिए तैयार थीं। इससे किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। सांसद प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से मांग की कि नुकसान का सही और पारदर्शी सर्वे कराकर किसानों को शीघ्र उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि अन्नदाता निराशा और हताशा का शिकार न हो। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष वीरेन्द्र रावत, गंगाराम रावत, लक्ष्मण रावत, मानपुर सरपंच विकास रावत, लोहादेवी के सरपंच, नायब तहसीलदार सहित अनेक जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# 12वीं के गणित के प्रश्न पत्र में 18 रहे गैर हाजिर, 2490 हुए शामिल

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 25 फरवरी।** 12वीं कक्षा के अति महत्वपूर्ण माने जाने वाले गणित विषय का प्रश्न पत्र बुधवार अंचल के 48 व शहर के 15 केंद्रों सहित 63 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुआ। जहां 18 परीक्षार्थी गणित की परीक्षा से गैर हाजिर रहे। हालांकि 2490 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए ।

### नकल पर नकेल जारी उड़नदस्तों के हाथ खाली

जिले में नकल पर नकेल जारी है और गणित के प्रश्न पत्र में भी जिले भर में पहुंचे उड़नदस्तों के हाथ खाली ही रहे कोई नकलची किसी भी केंद्र पर नहीं मिला। जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव के उड़नदस्तों ने नरवर से लेकर खतौरा व इंदार तक के 17 केंद्रों पर पहुंचकर परीक्षा का जायजा लिया। जिले में




संवेदनशील व अतिसंवेदनशील केंद्रों पर प्रेक्षकों की मौजूदगी में परीक्षा आयोजित हो रही है।

**शहर में डीईओ, बदरबास में डीपीसी तो नरवर में राजाबाबू की दस्तक :** लगातार जारी निरीक्षण के क्रम में बुधवार को 12वीं के गणित के प्रश्न पत्र में जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने शहर के बाल शिक्षा निकेतन, सरस्वती विद्यापीठ, आईपीएस स्कूल, उत्कृष्ट विद्यालय क्र. 1 व पीएमश्री हाई स्कूल फिजिकल केंद्र का मुआयना किया वहीं डीपीसी दफेदार सिंह सिकरवार ने बदरवास के कन्या उमावि, मॉडल स्कूल, उमावि इंदार व उमावि खतौरा में परीक्षा का जायजा लिया।जिला परीक्षा प्रभारी राजाबाबू आर्य ने पीएमश्री कन्या नरवर, सीएम राइज स्कूल नरवर व सीएम राइज स्कूल मगरौनी का निरीक्षण किया तो जिला क्रीड़ा अधिकारी चंद्रशेखर बैमटे ने शहर के शिवपुरी पब्लिक स्कूल, सरस्वती विद्यापीठ, बाल शिक्षा निकेतन, हैप्पीडेज व एमिनेंट पब्लिक स्कूल पर पहुंचकर परीक्षा का मुआयना किया लेकिन सभी केंद्रों पर परीक्षा विधिवत ढंग से संचालित मिली।

### सबसे ज्यादा 815 शिवपुरी तो बदरवास में सबसे कम 126 परीक्षार्थी हुए शामिल

जिला परीक्षा कक्ष प्रभारी राजा बाबू आर्य ने बताया कि जिले में बुधवार को हायर सेकेंडरी परीक्षा का गणित का प्रश्न पत्र आयोजित हुआ।जिले में 12वीं की परीक्षा के लिए बनाए गए 64 में से 63 केंद्रों पर आयोजित हुई बोर्ड परीक्षा में कुल 2 हजार 508 परीक्षार्थी नामांकित थे जिसमें 2 हजार 490 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए वहीं सिर्फ 18 परीक्षार्थी परीक्षा से गैर हाजिर रहे।वही हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा के गणित के प्रश्न पत्र में जिले के 63 केंद्रों पर सुबह 9 बजे से 12 बजे तक परीक्षा आयोजित की गई जहां सभी परीक्षार्थियों की सख्त चेकिंग के बाद ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया।

### इनका कहना है ...

लगातार उड़नदस्तों की सक्रियता और केन्द्रों पर प्रवेश से पहले सघन सर्चिंग के परिणाम स्वरूप अब तक नकल पर पूरी तरह नकेल कसी हुई है यही कारण है कि जिले में किसी भी केंद्र पर कोई नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ।

**- विवेक श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी शिवपुरी**

## हाथियों के आतंक पर जताई चिंता

**भोपाल, 25 फरवरी.** पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने सीधी जिले में हाथियों के आतंक और हालिया ओलावृष्टि से हुई तबाही पर गहरी चिंता व्यक्त की है. उन्होंने कहा कि इस आपदा से गरीब किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं और कई घरों को भी नुकसान पहुंचा है. उन्होंने जिला प्रशासन और राज्य सरकार से प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वेक्षण कर शीघ्र मुआवजा प्रदान करने की मांग की है. अजय सिंह ने कलेक्टर से अपेक्षा की है कि वे स्वयं व्यक्तिगत रुचि लेकर प्रभावित गांवों का दौरा करें और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर वास्तविक स्थिति का आकलन करें. उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं को रोका नहीं जा सकता।

# उड़द की खेती पर किसानों को 600 रुपए प्रति क्विंटल बोनस

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 25 फरवरी।** किसानों की आय बढ़ाने और ग्रीष्मकालीन फसलों की उत्पादकता में वृद्धि के उद्देश्य से ग्राम पिपरसमा में कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय मिशन ऑन इडिबल ऑयल-तिलहन योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत फार्मर फील्ड स्कूल का आयोजन किया गया।

### पिपरसमा में लगा फार्मर फील्ड स्कूल

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरसमा के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. पुनीत राठौर ने किसानों को ग्रीष्मकालीन फसलों की उन्नत खेती तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकाल में मूंग फसल के स्थान पर उड़द की बोनी करना अधिक लाभकारी है। उड़द फसल न केवल कम लागत में अच्छी पैदावार देती है, बल्कि भूमि की उर्वरता भी बनाए रखती है।




कार्यक्रम में डॉ. पुष्पेंद्र सिंह ने ग्रीष्मकालीन फसलों की उन्नत बीज किस्मों के बारे में जानकारी दी। वहीं उप संचालक कृषि पान सिंह करौरिया ने किसानों को बताया कि उड़द फसल की खेती करने पर शासन द्वारा 600 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जाएगा, जिससे यह फसल मूंग की तुलना में अधिक लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने गेहूं कटाई के बाद नरवाई में आग न लगाने की अपील करते हुए नरवाई प्रबंधन पर भी जोर दिया। किसानों को स्ट्रारीपर मशीन से नरवाई का भूसा बनाकर गौशालाओं में उपयोग करने की सलाह दी गई। संदीप कुमार रावत ने तिलहनी फसलों से अधिक उत्पादन प्राप्त करने के व्यावहारिक उपाय बताए। इसके बाद कृषि अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों ने ग्राम टोंगरा एवं तानपुर का भ्रमण कर फसलों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, कृषि अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब का 3 दिवसीय नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर प्रारंभ

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 25 फरवरी।** आमजन को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोटरी क्लब इंटरनेशनल एवं श्रीमंत माधव राव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन के संयुक्त तत्वावधान में जिला चिकित्सालय शिवपुरी में तीन दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 26 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक आयोजित होगा। शिविर में मरीजों को सीटी स्कैन, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड तथा समस्त प्रकार की पैथोलॉजी जांचें पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गहन परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय ऋषीश्वर ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन के अंतर्गत शिवपुरी जिले की सीएचसी एवं पीएचसी स्तर पर अब तक 23 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इन शिविरों में चिन्हित गंभीर रोगियों एवं ऑपरेशन योग्य मरीजों को जिला स्तरीय इस विशेष शिविर के लिए आमंत्रित किया गया है।

उन्होंने बताया कि विकासखंड स्तर से रोगियों को जिला अस्पताल तक लाने और वापस पहुंचाने की जिम्मेदारी संबंधित जनपद पंचायतों को सौंपी गई है। जिला स्तरीय शिविर में मरीज क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन के साथ-साथ शिविर स्थल पर भी पंजीयन करा सकेंगे। यह शिविर जिले के आर्थिक रूप से कमजोर एवं गंभीर रूप से बीमार मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित होगा और उन्हें एक ही स्थान पर उच्चस्तरीय नि:शुल्क जांच एवं उपचार सुविधा उपलब्ध कराएगा।

### किस विकासखंड से कब आएंगे पंजीकृत रोगी

26 .02 .2026- बदरवास, कोलारस, सतनवाड़ा
27 .02 .2026- खनियाधाना, पिछौर, पोहरी
28 .02 .2026- करैरा एवं नरवर।
वहीं किसी कारणवश निर्धारित तिथि पर न आ सकने वाले रोगी अन्य विकासखंड को आवंटित तिथियों में भी शिविर में उपस्थित हो सकते हैं।

# भाजपा की जिला कार्यशाला आज

**शिवपुरी, 25 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी की जिला स्तरीय कार्यशाला आज 26 फरवरी 2026 (गुरुवार) को प्रात: 10 बजे से शिवपुरी के नक्षत्र गार्डन में आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

### नक्षत्र गार्डन में होगा संगठनात्मक मंथन

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष जसवंत यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में प्रदेश मंत्री लोकेन्द्र पाराशर, प्रदेश मोर्चा प्रभारी आशुतोष तिवारी, प्रदेश मोर्चा प्रभारी नरेंद्र बिरथरे तथा प्रशिक्षण संभाग प्रभारी एवं जिला प्रभारी नंदकिशोर नापित मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय इस कार्यशाला में भाजपा के सांसद, विधायक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, नगर पालिका एवं नगर परिषद के अध्यक्ष, मोर्चों के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, प्रकोष्ठ संयोजक, प्रशिक्षण अभियान की टोली, मंडल पालक तथा निवर्तमान मंडल अध्यक्षों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। जिला मीडिया प्रभारी मुकेश जैन ने बताया कि कार्यशाला का शुभारंभ ठीक प्रात: 10 बजे नक्षत्र मैरिज गार्डन में होगा। यह कार्यशाला आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, चुनावी रणनीति और कार्यकर्ताओं को दिशा देने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# ग्राम पंचायत चिटोरा-चिटोरी में डॉ . अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित




**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 25 फरवरी।** शिवपुरी की ग्राम पंचायत चिटोरा-चिटोरी में मंगलवार रात्रि सामाजिक समरसता और संविधानिक मूल्यों के प्रतीक डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित की गई। प्रतिमा स्थापना के दौरान गांव में उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला। प्रतिमा शासकीय एवं निजी भूमि के एक हिस्से में ग्रामवासियों की पहल पर स्थापित की गई। इस अवसर पर भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष साजिद खान उर्फ चांद खान मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने प्रतिमा स्थापना के उद्देश्य, सामाजिक संदेश और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की।

ग्रामीणों ने मीडिया को बताया कि प्रतिमा की स्थापना गांव के सरपंच एवं समस्त ग्रामवासियों की सर्वसम्मति से की गई है। हालांकि इस संबंध में प्रशासन को पूर्व सूचना नहीं दी गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि प्रतिमा का भव्य अनावरण 14 अप्रैल 2026 भारत रत्न डॉ. अंबेडकर की जयंती के अवसर पर बड़े समारोह और सामाजिक कार्यक्रमों के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर साजिद खान उर्फ चांद खान ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि वे समाज की हर समस्या में हमेशा उनके साथ खड़े हैं और आगे भी रहेंगे।

उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार समानता, शिक्षा, अधिकार और न्याय को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। 14 अप्रैल को होने वाला कार्यक्रम सामाजिक एकता, जागरूकता और संविधानिक मूल्यों का प्रतीक बनेगा। प्रतिमा स्थापना के बाद से गांव में विशेष उत्साह का वातावरण है। ग्रामीण अनावरण समारोह की तैयारियों में जुट गए हैं और कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की योजना बना रहे हैं।

## आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**शिवपुरी, 25 फरवरी।** महिला उत्पीड़न और आत्महत्या के गंभीर मामले में थाना इन्दार पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे आरोपी मुलुआ उर्फ मूलचन्द जाटव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के स्पष्ट निर्देशों के तहत की गई। पुलिस के अनुसार मर्ग क्रमांक 05/2026 धारा 194 बीएनएसएस की जांच के दौरान मृतिका के परिजनों ने बताया कि सोना उर्फ सोनम उम्र 27 वर्ष पत्नी धनपाल उर्फ मोहरसिंह जाटव निवासी ग्राम इमलावदी चक थाना इन्दार को उसके पति और ससुर द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जाता था। आए दिन होने वाले झगड़े और मानसिक उत्पीड़न से तंग आकर मृतिका ने 15 जनवरी 2026 को जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। जांच के आधार पर थाना इन्दार में आरोपी पति धनपाल उर्फ मोहरसिंह जाटव एवं ससुर मुलुआ उर्फ मूलचन्द जाटव के विरुद्ध धारा 108, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस की सक्रियता से पहले आरोपी धनपाल को 1 फरवरी 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था।




## जांच अधिकारी का कार्यालय
## दूरसंचार विभाग
## संचार मंत्रालय, नई दिल्ली

## नोटिस

जबकि, केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के नियम 14 के तहत, सीसीएस (पेंशन) नियम, 2021 के नियम 8 के तहत सेवानिवृत्ति के बाद श्री पवन कुमार जैन (कर्मचारी संख्या 8619), तत्कालीन पीजीएम (ईबी), एमपी टेलीकॉम सर्कल, बीएसएनएल भोपाल (वर्तमान में डीजीटी, मुंबई एलएसए के रूप में सेवानिवृत्त) के खिलाफ जांच की जा रही है और अधोहस्ताक्षरी को दूरसंचार विभाग, संचार मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश दिनांक 20/11/2025 द्वारा जांच अधिकारी (आईओ) नियुक्त किया गया है .

जबकि, प्रारंभिक सुनवाई (पीएच) दिनांक 26/12/2025, 15/1/2026 और 2/2/2026 को होनी थी, परन्तु आरोपित अधिकारी श्री पवन कुमार जैन बिना किसी पूर्व सूचना या छुट्टी की अनुमति के इसमें शामिल नहीं हुए . इसके अलावा आरोपित अधिकारी श्री पवन कुमार जैन समय-समय पर जांच अधिकारी द्वारा विभिन्न माध्यमों (अर्थात् स्पीड पोस्ट, स्पेशल मैसेंजर, ई-मेल और व्हाट्सएप) से भेजे गए सभी पत्रों का प्राप्त करने में असहयोग कर रहे हैं .

जबकि, जांच अधिकारी दिनांक 10/3/2026 (मंगलवार) से अभियोजन पक्ष के गवाही (पीडब्ल्यूएस) के बयान के लिए नियमित सुनवाई (आरएच) शुरू करेंगे . आरोपित अधिकारी को एतद् द्वारा सलाह दी जाती है कि वह अर्ध-न्यायिक प्रक्रिया के नियमों और प्रक्रियाओं का सम्मान करें और उनका पालन करें और जांच में भाग लें .

नैसर्गिक न्याय के हित में, आरोपित अधिकारी को उक्त कार्यवाही में भाग लेने और दिनांक 10/3/2026 से आगे निर्धारित नियमित सुनवाई में भाग लेने और अभियोजन पक्ष के गवाहों (पीडब्ल्यूएस) से जिरह करने और बचाव के लिए अपना केस पेश करने का आखिरी मौका दिया जाता है . ऐसा नहीं करने पर अधोहस्ताक्षरी अर्थात् जांच अधिकारी एकतरफा विभागीय जांच कार्यवाही करने को बाध्य होगा . यह सुनवाई दिनांक 10/3/2026 (मंगलवार) को 10 .30 बजे (पूर्वाह्न), कमरा सं . 09, ग्राउंड फ्लोर, दूरसंचार भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)-462027 में होगी .

नैसर्गिक न्याय के हित में और आरोपित अधिकारी श्री पवन कुमार जैन की सूचना के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया गया है क्योंकि वह समय-समय पर विभिन्न माध्यमों (अर्थात् स्पीड पोस्ट, स्पेशल मैसेंजर, ई-मेल और व्हाट्सएप) से भेजे गए सभी पत्रों को प्राप्त करने में असहयोग कर रहे हैं .

(सुरेश चन्द्र सिन्हा)
जांच अधिकारी (आईओ)

सीबीसी-06230/11/0003/2526


# सूरतगढ़ में प्रमोद भार्गव को मिलेगा लक्ष्मणराम सेवटा स्मृति कथा सम्मान

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 25 फरवरी।** भाषा, साहित्य, संस्कृति, कला एवं सामाजिक जागरण को समर्पित संस्था विविधा (सूरतगढ़, राजस्थान) द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए दिए जाने वाले प्रतिष्ठित साहित्यिक सम्मानों की एक साथ घोषणा कर दी गई है।

संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. एन.के. सोमानी ने बताया कि स्व. लक्ष्मणराम सेवटा स्मृति कथा सम्मान इस वर्ष प्रमोद भार्गव शिवपुरी मप्र को उनके चर्चित कथा संग्रह प्रमोद भार्गव की चुनिंदा कहानियां के लिए प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इसी संग्रह पर उन्हें हाल ही में नासिक में विद्योत्तमा सम्मान भी प्राप्त हुआ है। इसी क्रम में अन्य सम्मानों की भी घोषणा की गई है। कृष्णा देवी कामरा स्मृति हिंदी कविता सम्मान डॉ. प्रभा मुजुमदार गुजरात को उनके कविता संग्रह नकारती हूं निर्वासन पर दिया जाएगा। श्रीमती गोपी देवी चांडक स्मृति राजस्थानी कविता सम्मान चांदकौर जोशी जोधपुर को उनके संग्रह बिलखता बादल के लिए मिलेगा।



जुगल किशोर सोमानी स्मृति व्यंग पुरस्कार वरिष्ठ व्यंगकार अखिलेश श्रीवास्तव लखनऊ को उनके व्यंग्य संग्रह दफ्तरनामा पर प्रदान किया जाएगा। वहीं भेरूदान सोमानी स्मृति उपन्यास पुरस्कार अलंकार रस्तोगी लखनऊ को उनके उपन्यास पंडित भया न कोई के लिए तथा अर्जुन राम सुथार स्मृति प्रथम प्रकाशित पुस्तक पुरस्कार डॉ. नेहल शाह भोपाल को उनकी पहली कविता पुस्तक और इन सब के बीच के लिए दिया जाएगा। संस्था के सचिव संजय कामरा ने सभी चयनित साहित्यकारों को बधाई देते हुए बताया कि मार्च माह के अंत में सूरतगढ़ में आयोजित भव्य समारोह में सभी को 11,000 रुपए की सम्मान राशि, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर एक साथ सम्मानित किया जाएगा।

## सड़कों पर घूम रहे 10 लाख निराश्रित पशु

**भोपाल, 25 फरवरी.** प्रदेश में सड़कों पर घूमते निराश्रित पशुओं का मामला बुधवार को सदन में प्रमुखता से उठा. विपक्ष के सदस्य अजय सिंह ने ये मामला ध्यानाकर्षण के माध्यम से उठाया, जिस पर विपक्ष के साथ ही सत्ता पक्ष के सदस्यों ने भी हिस्सा लिया. इस दौरान अजय सिंह ने कहा कि सरकार पशुपालन डेयरी विभाग पर करोड़ रुपए खर्च कर रही है, उसके बाद भी 10 लाख निराश्रित पशु सड़कों पर घूम रहे हैं. फसलें नष्ट हो रही है, नेशनल हाईवे पर चलना मुश्किल है, लगातार दुर्घटनाएं हो रही है. उन्होंने निराश्रित पशुओं को गौशालाओं में स्थानांतरित करने और नए हाईटेक गौशालाओं का निर्माण तेजी से करने की मांग की.

## जौरा नगर में तीन स्थानों पर बने सुलभ कॉम्प्लेक्स

**मुरैना/जौरा, 25 फरवरी।** नगरपालिका पीआईसी की बैठक नपा में हुई, जिसकी अध्यक्षता नपाध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने की। इसी प्रकार एमएस रोड पर ही रामआसरे माता मंदिर के पास भी सुलभ शौचालय निर्माण को मंजूरी दी गई। वार्ड 12 स्थित गढ़ी स्कूल के पास भी सुलभ शौचालय के प्रकरण को बनवाने का निर्णय लिया गया। शहर के विभिन्न स्थानों पर जगह उपलब्ध होने एवं आवश्यकता अनुसार भी सुलभ कॉम्पलेक्स निर्माण करने की मंजूरी दी गई।